

# करेंट अफेयर्स

# झारखंड

## मई (संग्रह)

## 2023

Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry (English): 8010440440, Inquiry (Hindi): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

# अनुक्रम


**झारखंड** **3**

- मुख्यमंत्री ने आम जनता के लिये पहली बार एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया 3
- झारखंड में साहित्यकारों को दिये गए विभिन्न सम्मान 4
- नेशनल फेडरेशन कप जूनियर एथलेटिक्स में झारखंड की आशा ने जीता स्वर्ण पदक 4
- झारखंड के रामगढ़ सिविल कोर्ट में फैमिली न्यायालय की शुरुआत 5
- झारखंड में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारंभ 5
- श्री बंसीधर महोत्सव 7
- पीएम प्रसाद होंगे कोल इंडिया के नये चेयरमैन 8
- राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिये 14 प्रतिभागियों का हुआ चयन 9
- केटारेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलाग फ्री स्टेटस प्राप्त करने वाला कबीरधाम देश का पहला ज़िला 9
- 5 चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल 2024 का पोस्टर रिलीज़ 10
- स्वर तरंगिनी पुस्तक का लोकार्पण 11
- चैंपियन ऑफ चेंज डेल्टा रैंकिंग 11
- पतरातू में 'पर्यटन विहार' (वीआईपी गेस्ट हाउस) का उद्घाटन 12
- झारखंड नेत्र सोसाइटी को देश की सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी का सम्मान 13
- झारखंड की 50 पंचायतें बनेंगी मॉडल 13
- झारखंड के प्रथम कैंसर अस्पताल का उदघाटन 14
- धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग को मिली मान्यता 15
- नेतरहाट व पतरातू में योग एवं आयुष केंद्र खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति 16
- 'मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना' 16
- वाराणसी-राँची-कोलकाता ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट: झारखंड में 6 चरणों में बनेगी सिक्स लेन सड़क 17
- फेडरेशन कप एथलेटिक्स में झारखंड की सपना ने जीता काँस्य पदक 18
- राँची में खेलो इंडिया के तहत बनेगा 3 खेलों का एक्सीलेंस सेंटर 19
- गिरिडीह के सरिया व बिरनी को केंद्रीय मंत्री ने दी जलापूर्ति योजनाओं की सौगात 20
- जमशेदपुर के दलमा में बनेगा ग्रासलैंड 20
- फार्मिंग सेक्टर में झारखंड को मिलेगी सौगात: 500 स्कूलों में बनेंगी मृदा जाँच लैब्स 21
- राष्ट्रपति मुर्मू ने झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का किया उद्घाटन 22
- झारखंड सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के बदले नाम 22
- जमशेदपुर की अस्मिता ने फतह किया माउंट एवरेस्ट 23
- 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिये झारखंड के 30 खिलाड़ियों का चयन 24


**नोट :**

The Vision

# झारखंड

## मुख्यमंत्री ने आम जनता के लिये पहली बार एयर एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया

### चर्चा में क्यों ?

28 अप्रैल, 2023 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिरसा मुंडा हवाईअड्डे पर राज्य के आम नागरिकों को आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'एयर एंबुलेंस सेवा' का शुभारंभ किया है।

### प्रमुख बिंदु

- नागर विमानन प्रभाग द्वारा 'एयर एंबुलेंस सेवा' के लिये राज्य स्तरीय एक सेल का गठन किया गया है। राज्य की जनता दूरभाष पर संपर्क कर अथवा ई-मेल के माध्यम से एयर एंबुलेंस की सेवा प्राप्त कर सकती है।
- आवेदक को दूरभाष पर ही गंतव्य के अनुसार संभावित व्यय से अवगत कराया जाएगा। आवेदक की सहमति के उपरांत एयर एंबुलेंस ऑपरेटर द्वारा 2 घंटे के अंदर एयरक्राफ्ट को तैयार करने का प्रावधान रखा गया है, ताकि ज़रूरतमंद को जल्द-से-जल्द गंतव्य तक पहुँचाया जा सके।
- इस सेवा के अंतर्गत आम नागरिकों की सहुलियत के लिये फ्लाइट को रि-शिड्यूल (Re-schedule) करने का प्रावधान भी रखा गया है।
- वर्तमान में राँची से नई दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, वाराणसी, लखनऊ एवं तिरूपति प्रमुख गंतव्य के रूप में निर्धारित किये गए हैं। राँची के अलावा देवघर, बोकारो, जमशेदपुर, धनबाद, गिरिडीह एवं दुमका में भी यह सेवा उपलब्ध होगी।
- इस सेवा का उपयोग सिर्फ जो पैसे दे सकते वही कर पाएंगे ऐसा नहीं है, इसमें आवश्यकतानुसार जो पैसे नहीं भी दे सकता है, उसको भी एयर एंबुलेंस के माध्यम से ले जाने और स्वास्थ सेवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था है।



नोट :

## झारखंड में साहित्यकारों को दिये गए विभिन्न सम्मान

### चर्चा में क्यों ?

30 अप्रैल, 2023 को झारखंड साहित्य अकादमी स्थापना संघर्ष समिति की ओर से प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों एवं विविध भाषाओं के साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- वे साहित्यकार जिन्हें सम्मानित किया गया -
  - शंभू बादल : बिरसा मुंडा शिखर सम्मान
  - प्रह्लाद चंद्र दास : भारत यायावर स्मृति सम्मान
  - पंकज मित्र :राधाकृष्ण स्मृति सम्मान
  - बासु बिहारी :श्रीनिवास पारी सम्मान
  - वंदना टेटे :सुशीला समद सम्मान
  - विनोद राज विद्रोही : रघुनाथ स्मृति सम्मान
  - नरेश अग्रवाल: विनोद बिहारी महतो स्मृति सम्मान
  - मयंक मुरारी: डॉ रामदयाल मुंडा स्मृति सम्मान
  - रतन महतो : संत कवि सृष्टिधर स्मृति सम्मान
  - अमरेंद्र सुमन : कॉमरेड महेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति सम्मान
- इस अवसर पर संघर्ष समिति के महासचिव नीरज नीर ने झारखंड में साहित्य अकादमी की स्थापना करने की मांग की।

## नेशनल फेडरेशन कप जूनियर एथलेटिक्स में झारखंड की आशा ने जीता स्वर्ण पदक

### चर्चा में क्यों ?

30 अप्रैल, 2023 को तक तमिलनाडु के तिरुअन्नामलाई शहर में आयोजित 21वीं नेशनल फेडरेशन कप जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में झारखंड की आशा किरण बारला ने 800 मीटर इवेंट में 2.07.51 मिनट के साथ स्वर्ण पदक जीता है।

### प्रमुख बिंदु

- झारखंड के गुमला ज़िले की रहनेवाली आशा किरण बारला ने 29 अप्रैल को हीट में 2.08.38 मिनट का समय लेकर फाइनल में जगह बनाई थी।
- नेशनल फेडरेशन कप जूनियर अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन तमिलनाडु में 28 से 30 अप्रैल तक किया गया।
- विदित है कि इससे पहले आशा ने पिछले साल कुवैत में आयोजित एशियन यूथ अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 800 मीटर में 2.06.79 मिनट का नया रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

नोट :




## झारखंड के रामगढ़ सिविल कोर्ट में फैमिली न्यायालय की शुरुआत

### चर्चा में क्यों ?

1 मई, 2023 को झारखंड हाईकोर्ट द्वारा रामगढ़ में कुटुंब कोर्ट की शुरुआत की गई है।

### प्रमुख बिंदु

- न्यायाधीश लोलार्क दुबे को कुटुंब कोर्ट का प्रधान जज नियुक्त किया गया है।
- यह कोर्ट सिविल न्यायालय परिसर में ही संचालित होगा। कुटुंब कोर्ट में अब पारिवारिक विवाद से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई होगी।
- विदित है कि रामगढ़ ज़िले में सिविल कोर्ट की स्थापना के समय से ही कुटुंब कोर्ट की स्थापना की मांग की जा रही थी। पिछले दो-तीन वर्षों में इसके लिये ज़िला अधिवक्ता संघ, रामगढ़ की ओर से हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं जोनल न्यायाधीश से पत्राचार कर मांग की जा रही थी जो आज पूरी हुई।
- कुटुंब कोर्ट का न्यायिक कार्य शुरू होने से पारिवारिक विवादों के निपटारे में तेजी आएगी एवं शीघ्र पक्षकार को न्याय मिलेगा।
- साथ ही प्रधान ज़िला सत्र न्यायाधीश के यहाँ लंबित पारिवारिक मामलों का बोझ कम होगा, जिससे अब अन्य लंबित मामलों में त्वरित कार्रवाई होगी।

## झारखंड में 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का शुभारंभ

### चर्चा में क्यों ?

02 मई 2023 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय, जगन्नाथपुर, धुर्वा में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का राज्यस्तरीय समारोह में शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन तथा वेबसाइट का लोकार्पण किया। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव उच्च विद्यालय जगन्नाथपुर को सीबीएसई से संबद्धता संबंधित प्रमाणपत्र विद्यालय प्रधान को सौंपा गया।

नोट :

- मुख्यमंत्री ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन एवं इन विद्यालयों में नामांकन की औपचारिक घोषणा की।
- ये सभी 80 विद्यालय सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हैं, जहाँ बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। इसके साथ राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अधिकार भी प्राप्त होगा।
- विदित है कि राज्य सरकार ने पूरे राज्य में 80 ज़िला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय, 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूल और 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालय बनाने एवं सरकारी स्कूल के 15 लाख से अधिक बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा के अवसर प्रदान करने का लक्ष्य तय किया है।
- इन विद्यालयों में अत्याधुनिक आधारभूत संरचना, लाइब्रेरी, सांइस लैब, डिजिटल स्मार्ट क्लास, सूचना प्रौद्योगिकी का मजबूत ढाँचा, खेल प्रशिक्षण समेत अन्य सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।
- विदित है कि 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण दो चरणों में नेशनल सेंटर फॉर स्कूल लीडरशिप द्वारा कराया जा चुका है। 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का दो चरण में प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा पूर्ण कर लिया गया है।
- जनवरी 2023 में प्रधानाध्यापकों में क्षमता वर्धन हेतु आईआईएम द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।
- इन उत्कृष्ट विद्यालयों के बच्चों को 11 ट्रेड में व्यवसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बच्चों को एग्रीकल्चर, आईटी, आईटीईएस, अपारेल एण्ड मेडअप एण्ड होम फर्निशिंग, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, ऑटोमोटिव, टूरिज्म एंड हॉस्पिटालिटी समेत अन्य ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- संबंधित ट्रेड से जुड़े राज्य स्तरीय प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों के साथ इंडस्ट्रियल फील्ड विजिट की व्यवस्था की जा रही है ताकि भावी जीवन में उनके रुचि के अनुसार रोज़गार के अवसर भी उपलब्ध हो सके।






## श्री बंसीधर महोत्सव

### चर्चा में क्यों ?

3 मई, 2023 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के गढ़वा ज़िले के बंशीधर नगर में दो दिवसीय राजकीय श्री बंसीधर महोत्सव का शुभारंभ किया।

### प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि बंशीधर मंदिर में राधा एवं कृष्ण की साढ़े चार फीट ऊँची और 1280 किलो वज़न की स्वर्ण निर्मित एक अत्यंत मोहक प्रतिमा विराजमान है। यह अद्भुत प्रतिमा भूमि में गड़े शेषनाग के फन पर निर्मित चौबीस पंखुड़ियों वाले विशाल कमल पर विराजमान है।
- बंशीधर नगर के राज परिवार के संरक्षण में यह बंशीधर मंदिर देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र रहा है, कई दशकों से यहाँ प्रतिवर्ष फाल्गुन महीने में आकर्षक एवं विशाल मेला लगता आ रहा है।
- मंदिर के प्रस्तर लेख और उसके पुजारी के अनुसार संवत् 1885 में बंशीधर नगर के महाराजा भवानी सिंह की विधवा रानी शिवमानी कुँवर ने लगभग बीस किलोमीटर दूर शिवपहरी पहाड़ी में दबी पड़ी इस कृष्ण प्रतिमा के बारे में स्वप्न देखकर जाना।
- कुछ इतिहासकार ऐसा अनुमान लगाते हैं कि यह प्रतिमा मराठों के द्वारा बनवाई गई होगी, जिन्होंने वैष्णव धर्म का काफी प्रचार किया था और मूर्तियाँ भी बनवाई थीं, मुगलों के आक्रमण से बचाने के लिये मराठों ने इसे शिवपहरी पहाड़ी की कंदराओं में छुपा दिया था।
- इसी वर्ष श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला है।
- उल्लेखनीय है कि 1960-70 के दशक में बिरला ग्रुप ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था। वर्तमान में भी बंशीधर की प्रतिमा कला के दृष्टिकोण से सुंदर एवं अद्वितीय है और बिना किसी रसायन के प्रयोग या अन्य पॉलिश के प्रतिमा की चमक पूर्ववत है।

- गौरतलब है कि गढ़वा ज़िला झारखंड राज्य के उत्तर पश्चिम में स्थित है और बिहार का रोहतास, उत्तर प्रदेश का सोनभद्र और छतीसगढ़ के सरगुजा ज़िलों की सीमाएँ इससे लगती हैं। इसलिये इसे कभी गेटवे आफ छोटानागपुर कहा जाता था।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 739 करोड़ 22 लाख 64 हज़ार 792 रुपए की लागत से 60 योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, 57 करोड़ 55 लाख 22 हज़ार 933 रुपए की लागत से 14 योजनाओं का उद्घाटन किया। जिन महत्त्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ, उनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियाँ, रमकंडा और नगर उंटारी प्रखंड कार्यालय परिसर का विकास तथा बीडीओ, सीओ और अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों का नवनिर्मित आवास तथा नगर उंटारी में नवनिर्मित गेस्ट हाउस और विभिन्न नदियों पर निर्मित पाँच पुल शामिल हैं।




## पीएम प्रसाद होंगे कोल इंडिया के नये चेयरमैन

### चर्चा में क्यों ?

3 मई, 2023 को लोक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) द्वारा देश के सार्वजनिक प्रतिष्ठान कोल इंडिया के नये चेयरमैन (अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक) के लिये इंटरव्यू आयोजित किया गया, जिसमे शॉर्टलिस्ट किये गए कुल सात उम्मीदवारों का इंटरव्यू के बाद बोर्ड ने पीएम प्रसाद का इस पद के लिये चयन की अनुशंसा की है।

### प्रमुख बिंदु

- विदित है कि पीएम प्रसाद वर्तमान में सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड) के सीएमडी हैं।
- पीएम प्रसाद एनसीएल में निदेशक तकनीकी भी रहे थे।
- 2015 में वह एनटीपीसी में कार्यकारी निदेशक बने थे। अगस्त 2019 में वह बीसीसीएल, धनबाद के सीएमडी बने थे। 1 सितंबर 2020 को उनका तबादला सीसीएल में हुआ था।
- कोल इंडिया के वर्तमान 28वें चेयरमैन प्रमोद कुमार अग्रवाल (आईएएस) आगामी 30 जून, 2023 को रिटायर हो रहे हैं। कोल इंडिया के वर्तमान चेयरमैन प्रमोद कुमार अग्रवाल समेत अब तक कुल सात अधिकारी कोल इंडिया के चेयरमैन का पद सँभाल चुके हैं।
- पीएम प्रसाद उस्मानिया विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियर हैं। उन्होंने इंडियन स्कूल ऑफ माइंस (IIT-ISM), धनबाद से 'ओपन-कास्ट माइनिंग' में एम.टेक किया।

- 1988 में उन्होंने DGMS से प्रथम श्रेणी का खान प्रबंधक प्रमाणपत्र प्राप्त किया और 1997 में नागपुर विश्वविद्यालय से कानून की डिग्री भी प्राप्त की।



## राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिये 14 प्रतिभागियों का हुआ चयन

### चर्चा में क्यों ?

4 मई, 2023 को झारखंड अकेडमिक काउंसिल परिसर में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सह प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें14 प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिये किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- चयनित प्रतिभागियों में राजप्रिया कुमारी (राँची), सानिया खातून, (राँची), अभीजित शरण (धनबाद), युवराज दास (चतरा), मो इरशाद हुसैन (धनबाद),अयान हसन (धनबाद),नंदनी कुमारी (गोड्डा), विनिता कुमारी (हजारीबाग), अर्पिता कुमारी, (गुमला),सोनाक्षी कुमारी (पलामू), जसमति सूंड़ी (पश्चिमी सिंहभूम), समर्थ पांडेय (पूर्वी सिंहभूम), परवाज असरफ (साहिबगंज), दीप सिंह(सरायकेला) आदि हैं।
- विदित हो कि राज्य भर से इस प्रदर्शनी में 116 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
- इसका आयोजन इंस्पायर अवार्ड स्कीम के तहत किया गया। इंस्पायर अवार्ड स्कीम के तहत कुल 28 हजार विद्यार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था। इनमें से 2082 विद्यार्थियों का प्रोजेक्ट भारत सरकार द्वारा चयनित किया गया। इन विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट बनाने के लिये भारत सरकार द्वारा दस हजार रुपए दिये गए। इनमें से 158 विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिये किया गया।
- राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी अगले माह दिल्ली में होगी।

## केटारेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलाग फ्री स्टेटस प्राप्त करने वाला कबीरधाम देश का पहला ज़िला

### चर्चा में क्यों ?

6 मई, 2023 को छत्तीसगढ स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि राज्य में राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत सात ज़िलों ने केटारेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलाग फ्री स्टेटस प्राप्त किया है, जिसमें कबीरधाम यह स्टेटस हासिल करने वाला देश का पहला ज़िला है।

नोट :

### प्रमुख बिंदु

- कबीरधाम के साथ ही रायपुर, बलौदाबाज़ार-भाटापारा, रायगढ़, धमतरी, राजनांदगाँव और बालोद ने भी यह स्टेटस प्राप्त कर लिया है।
- गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ को वर्ष 2025 तक कार्नियल ओपेसिटी फ्री राज्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- संचालक भीम सिंह ने बैठक में राज्य में नेत्र सेवाओं के क्षेत्र में सफलतापूर्वक सेवा प्रदायगी व शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने पर राज्य नोडल अधिकारी एवं सभी ज़िलों के नोडल अधिकारियों की सराहना करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में और अधिक ऑपरेशन करने के लिये प्रोत्साहित किया।
- स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि राज्य में पिछले वित्तीय वर्ष में कुल 1 लाख 35 हज़ार 113 मोतियाबिंद ऑपरेशन किये गए हैं। यह संख्या प्रदेश में एक वर्ष में अब तक किये गए मोतियाबिंद ऑपरेशन में सर्वाधिक है।
- भारत सरकार द्वारा मोतियाबिंद ऑपरेशन का वास्तविक लक्ष्य 1 लाख 7 हज़ार 800 एवं राज्य स्तर पर 1 लाख 25 हज़ार रखा गया था। इसके साथ ही 32 हज़ार 603 अन्य नेत्र रोग के ऑपरेशन भी किये गए हैं।
- अपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन में रायपुर ज़िला पहले, सूरजपुर दूसरे और बलौदाबाज़ार-भाटापारा तीसरे स्थान पर रहा। बैठक में इन तीनों ज़िलों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।
- बैठक में शासकीय अस्पतालों (ज़िला चिकित्सालय/सिविल अस्पताल/सी.एच.सी.) में अपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष सर्वाधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन करने वाले ज़िला चिकित्सालयों को भी प्रतीक चिह्न से सम्मानित किया गया। इसमें धमतरी ज़िला प्रथम, रायगढ़ द्वितीय एवं बलौदाबाज़ार-भाटापारा तृतीय स्थान पर रहा।
- राज्य में सबसे अधिक संख्या में नेत्र ऑपरेशन करने वाली जगदलपुर ज़िला चिकित्सालय की डॉ. सरिता निर्मल, द्वितीय स्थान पर रहने वाली रायगढ़ ज़िला चिकित्सालय की डॉ. मीना पटेल एवं तृतीय स्थान पर रहे धमतरी ज़िला चिकित्सालय के डॉ. जे.एस. खालसा को भी बैठक में सम्मानित किया गया।
- ज़्यादा संख्या में नेत्र ऑपरेशन करने वाले सर्जनों डॉ. राजेश सूर्यवंशी, ज़िला चिकित्सालय धमतरी, डॉ. आर.एस. सेंगर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया, डॉ. तेरस कँवर, ज़िला चिकित्सालय सूरजपुर, डॉ आर. मेश्राम, ज़िला चिकित्सालय रायगढ़, डॉ. आर.के. अवस्थी, सिविल सर्जन सह-अस्पताल अधीक्षक बलौदाबाज़ार-भाटापारा, डॉ. प्रभा सोनवानी, सिम्स मेडिकल कालेज बिलासपुर और डॉ. तरुण कनवर, ज़िला चिकित्सालय बीजापुर को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।
- प्रदेश में अब तक नेत्रदान के 400 लक्ष्य के सापेक्ष 244 नेत्रदान प्राप्त किये गए हैं। राज्य में 6 नेत्र बैंक तथा 4 कॉर्निया प्रत्यारोपण केंद्र पंजीकृत हैं, जिनको ज़िला आबंटित कर दिया गया है।
- संबंधित केंद्र द्वारा चिह्नित रोगियों के परीक्षण के पश्चात् उपयुक्त होने पर प्राप्त कॉर्निया का प्रत्यारोपण किया जा रहा है। 'कॉर्नियल दृष्टिहीनता मुक्त राज्य योजना' के अंतर्गत वर्ष 2025 तक राज्य को कॉर्नियल दृष्टिहीनता मुक्त बनाने का लक्ष्य है।
- छत्तीसगढ़ पहला राज्य है जहां शासकीय अस्पतालों द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित मरीज़ों को घर से अस्पताल व अस्पताल से घर लाने-ले जाने के लिये अतिरिक्त व्यवस्था की गई है।

## 5 चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल 2024 का पोस्टर रिलीज़

### चर्चा में क्यों ?

7 मई, 2023 को झारखंड में सहयोगी संस्था चित्रपट झारखंड के द्वारा हिनू की शुक्ला कॉलोनी स्थित विद्या भारती कार्यालय में चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल 2024 के पोस्टर का लोकार्पण किया गया।

### प्रमुख बिंदु

- फिल्म फेस्टिवल के लिये फिल्मों की एंट्री 1 सितंबर, 2023 से 30 नवंबर की मध्यरात्रि 2023 तक ली जाएगी।
- इस फिल्म फेस्टिवल के लिये फिल्मों को 4 श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रथम बाल फिल्म, डॉक्यूमेंट्री फिल्म, शॉर्ट फिल्म और कैंपस फिल्म निर्धारित की गई हैं।

नोट :

- भारतीय फिल्मों को बढ़ावा देने के लिये एवं यहाँ की कला, संस्कृति, सभ्यता, इतिहास, बोली, भाषा पर देश के कोने-कोने से कलाकारों के द्वारा बनाई गई फिल्मों का प्रदर्शन भारतीय चित्र साधना के द्वारा पाँचवें चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल पंचकूला (हरियाणा) में 23, 24 एवं 25 फरवरी, 2024 को आयोजित होगा।
- इस फिल्म फेस्टिवल का मुख्य उद्देश्य देश की कला-संस्कृति को समृद्ध बनाने में एवं विश्व पटल पर देश की अलग पहचान कला-संस्कृति के द्वारा यहाँ की बोली-भाषा व फिल्मों के माध्यम से दिखाना है।
- इस बार के फिल्म महोत्सव का मुख्य विषय महिला सशक्तीकरण, रोज़गार सृजन, समरसता, पर्यावरण, भविष्य का भारत, जनजातीय समाज, ग्रामीण विकास, वशुधैव कुटुंबकम है एवं इस फिल्म महोत्सव का मुख्य आकर्षण बाल फिल्में होंगी, जिसका मुख्य विषय पराक्रमी बच्चे, बाल शिक्षा में नवाचार एवं नैतिक शिक्षा रखा गया है।
- इन मुख्य विषयों पर देशभर से फिल्में मँगाई जा रही हैं। इस वर्ष पुरस्कार की नकद राशि 1000000 रुपए रखी गई है।

## स्वर तरंगिनी पुस्तक का लोकार्पण

### चर्चा में क्यों ?

8 मई, 2023 को केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल, अन्नपूर्णा देवी, सांसद दीपक प्रकाश, संजय सेठ, बीके सिन्हा ने झारखंड के राँची में केंद्रीय विद्यालय संगठन की संगीत शिक्षिक डॉ. रश्मि कुमारी की लिखित पुस्तक 'स्वर तरंगिनी' का लोकार्पण किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस पुस्तक में 151 गीतों की स्वर लिपियाँ और 25 ताली की लय-लयकारियाँ हैं।
- इसके साथ ही प्रथम वर्ष से षष्टम वर्ष के रागों का परिचय व संगीत के पक्ष की भी जानकारी है।
- डॉ. रश्मि ने बताया कि इस पुस्तक के ज़रिये कम समय और थोड़े परिश्रम से बच्चों के पास गीतों का एक अच्छा संग्रह हो जाएगा इससे पढ़ाई के साथ-साथ बच्चे संगीत को भी अपने जीवन का अंग बना सकते हैं।

## चैंपियन ऑफ चेंज डेल्टा रैंकिग

### चर्चा में क्यों ?

9 मई, 2023 को 'नीति आयोग' द्वारा मार्च 2023 के लिये देश के 112 आकांक्षी ज़िलों की 'चैंपियन ऑफ चेंज डेल्टा रैंकिग' जारी की गई। इस रैंकिग के 'टॉप फाइव' में शामिल सभी ज़िले 'झारखंड' से हैं।

### प्रमुख बिंदु

- ओवर ऑल रैंकिग में ज़िलों का स्थान इस प्रकार है-
  - प्रथम स्थान - साहिबगंज
  - दूसरा स्थान - रामगढ़
  - तीसरा स्थान - गोड्डा
  - चौथा स्थान - हज़ारीबाग
  - पाँचवां स्थान - पश्चिम सिंहभूम
- इस ज़िलों में विकास योजनाओं के संदर्भ में बेहतर काम किया गया है।
- चैंपियन ऑफ डेल्टा रैंकिंग तय करने के संदर्भ में नीति आयोग ने पाँच व्यापक पैरामीटर तय किये हैं, जो इस प्रकार हैं-
  - स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में अच्छा काम करने हेतु 30 प्रतिशत अंक
  - शिक्षा के संदर्भ में अच्छा काम करने हेतु 30 प्रतिशत अंक
  - कृषि एवं जल संसाधन के संदर्भ में अच्छा काम करने हेतु 20 प्रतिशत अंक

नोट :

- ◆ वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास के संदर्भ में अच्छा काम करते हेतु 10 प्रतिशत अंक
- ◆ इंप्रास्ट्रक्चर के संदर्भ में अच्छा काम करने हेतु 10 प्रतिशत अंक दिये जाते हैं।
- उपर्युक्त पैरामीटर के संदर्भ में मिले अंकों के आधार पर रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है।
- आकांक्षी ज़िलों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े ज़िलों की पहचान करके उनके विकास में मदद करना है, जिससे कि, वे भी विकास के पैमाने पर अन्य ज़िलों के बराबर या समकक्ष आ सके।

## पतरातू में 'पर्यटन विहार' ( वीआईपी गेस्ट हाउस ) का उद्घाटन

### चर्चा में क्यों ?

11मई, 2023 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने रामगढ़ ज़िले के पतरातू लेक रिसोर्ट परिसर में नवनिर्मित जी प्लस थ्री 'पर्यटन विहार' (वीआईपी गेस्ट हाउस) का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पतरातू में सैलानियों के लिये जल्द ही 6.5 किमी लंबे रोपवे का निर्माण करने की घोषणा की।
- इसके अलावा पतरातू और नेतरहाट के लिये भी बस सेवा की शुरुआत करने की भी घोषणा की गई। वहीं, उन्होंने पतरातू डैम में वाटर एक्टिविटीज तथा वाटर स्पोर्ट्स भी नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 7 करोड़ 10 लाख रुपए की 2 योजनाओं का उद्घाटन और 5 करोड़ 82 लाख रुपए की 4 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा समारोह में पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- उल्लेखनीय है कि पतरातू झारखंड के रामगढ़ ज़िले में स्थित एक आकर्षक घाटी पर्यटक स्थल है।
- यह स्थल अपने बांध की वजह से स्थानीय लोगों के बीच काफी ज्यादा लोकप्रिय है, जिसे सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की देखरेख में आसपास के कस्बों और गाँवों की पानी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिये बनाया गया था।
- पतरातू घाटी 1300 फीट से अधिक की ऊँचाई पर स्थित है, ये प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिये परफेक्ट वीकेंड स्पॉट माना जाता है। यहाँ प्रसिद्ध पतरातू थर्मल पावर स्टेशन भी है।



## झारखंड नेत्र सोसाइटी को देश की सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी का सम्मान

### चर्चा में क्यों ?

14 मई, 2023 को केरल के कोच्चि शहर में स्थित लूलू बोल्गटी इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 80वें वार्षिक सम्मेलन में ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी ने झारखंड नेत्र सोसाइटी को बेस्ट स्टेट सोसाइटी के राष्ट्रीय अवार्ड से नवाज़ा है।

### प्रमुख बिंदु

- मेट्रोमैन ई श्रीधरन और ऑल इंडिया नेत्र सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ हरबंश लाल एवं पूर्व अध्यक्ष डॉ ललित वर्मा के हाथों से झारखंड नेत्र सोसाइटी की साइंटिफिक कमेटी की मैनेजिंग कमेटी मेंबर सह चेयरपर्सन डॉ. भारती कश्यप ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।
- झारखंड नेत्र सोसाइटी को अति विशिष्ट ट्रॉफी वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिये प्रदान की गई है।
- डॉ. भारती कश्यप ने बताया कि इसके लिये झारखंड से मैनेजमेंट कमेटी सदस्यों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नेत्र चिकित्सा के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के प्रशिक्षण, ग्लूकोमा, नेत्रदान, मोतियाबिंद, डायबिटिक रेटिनोपैथी आदि के लिये जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।
- राज्य के जिन संस्थानों एवं नेत्र चिकित्सकों ने अपने कार्यों से देश भर की संस्थाओं को प्रभावित किया है, उनमें कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल, बोकारो जेनरल हॉस्पिटल, गांधीनगर हॉस्पिटल, सीसीएल और राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) राँची शामिल हैं। डॉ एनडी मिश्रा, डॉ पिंकी पाल, डॉ. राशि श्याम, डॉ. विवेक केडिया, डॉ. विनय गुप्ता ने सराहनीय काम किये हैं।




## झारखंड की 50 पंचायतें बनेंगी मॉडल

### चर्चा में क्यों ?

14 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड की 50 पंचायतों को मॉडल बनाने के लिये राज्य के पंचायती राज विभाग ने ड्राफ्ट तैयार कर लिया है।

### प्रमुख बिंदु

- इन पंचायतों को मॉडल बनाने के लिये झारखंड सरकार का पंचायती राज विभाग केरला इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन (कीला) के साथ एमओयू करेगा।
- इस कार्य में पंचायती राज विभाग, झारखंड सिविल सोसाइटी (सीएसओ) का भी सहयोग लेगा।

नोट :

- गौरतलब हे कि 'कीला'पंचायतों को आइएसओ सर्टिफिकेट भी देता है। केंद्र सरकार ने इसके लिये कीला को अधिकृत किया है।
- इसके अतिरित्त कीला द्वारा पंचायती राज के जन प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण के लिये कोर्स और मॉड्यूल भी डिजाइन किया जाएगा।
- पंचायतों की प्राथमिक सुविधा का आकलन किया जाएगा। कीला डाटा कलेक्शन, जल सुविधा, स्वास्थ्य सुविधा और आंगनबाड़ी सेंटर में उपलब्ध सुविधा की जानकारी लेगा। इसके सुधार के उपाय की जानकारी देगा।
- क्षमता विकास के लिये संयुत्त रूप से कार्यशाला, सेमिनार और फैकल्टी विकास कार्यक्रम का आयोजन होगा। चयनित जन प्रतिनिधियों और अधिकारियों का एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। पंचायतों में जल संरक्षण, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक सुरक्षा आदि क्षेत्र में सहयोग किया जाएगा।
- केरल में पर्यावरण, सामाजिक, आर्थिक सुविधा व तकनीकी पर उपलब्ध संसाधन के उपयोग की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी जाएगी।
- कीला पंचायतों को आइएसओ प्रमाणपत्र दिलाने लायक तैयार करने के लिये 30 हज़ार रुपए लेता है। यह प्रमाणपत्र तीन साल तक मान्यता प्राप्त रहता है। इसमें पंचायतों की पूरी व्यवस्था दुरस्त की जाती है। पंचायतों में उपलब्ध सेवा को सुदृढ़ किया जाता है। कार्यालय रखरखाव को दुरुस्त किया जाता है। फाइलों और अन्य सामानों के रखरखाव की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाता है।
- पहले चरण में 50 पंचायतों को आइएसओ प्रमाणपत्र दिलाने के लिये चिह्नित किया जा रहा है। इसमें वैसे पंचायतों को चुना जा रहा है, जहाँ मुखिया या उनकी व्यवस्था एक्टिव हो। इसके लिये सीएसओ से भी सहयोग का आग्रह किया गया है। दूसरे चरण में इसकी संख्या बढ़ायी जाएगी। इसमें कीला का सहयोग लिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि झारखंड के विधायकों और सीएसओ फोरम के सदस्यों ने हाल ही में केरल का दौरा किया था और वहाँ की पंचायती राज व्यवस्था की जानकारी ली थी

## झारखंड के प्रथम कैंसर अस्पताल का उदघाटन

### चर्चा में क्यों?

14 मई, 2023 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके के सुकरहुटू रोड स्थित कदमा में टाटा ट्रस्ट के राँची स्थित कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का उदघाटन किया। यह राज्य का प्रथम कैंसर हॉस्पिटल है।

### प्रमुख बिंदु

- राँची कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में विश्वस्तरीय आधुनिक मशीनें लगाई गई हैं, जिससे कैंसर के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जाँच तथा चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।
- इस कैंसर अस्पताल में 82 बेड की सुविधा, इनडोर और आउटडोर सुविधा, रेडिएशन, ओपेन और मिनिमल एक्सेस कैंसर सर्जरी ,पैलियेटिव केयर, रेडियोलॉजी, लैबोरेट्री सुविधा के साथ कई अन्य प्रकार की सुविधा मिलेगी।
- राज्य सरकार और टाटा के बीच इस अवसर पर एमओयू हुआ। एमओयू पर राज्य सरकार की ओर से प्रमुख स्वास्थ्य सेवा निदेशक भुवनेश प्रताप सिंह और टाटा के निदेशक संजीव कुमार अग्रवाल ने हस्ताक्षर किये। अब मरीजों को राज्य के मरीजों को टाटा के कोलकाता स्थित कैंसर अस्पताल में भी इलाज की सुविधा मिल सकेगी।
- विदित है कि झारखंड में पहले कैंसर के मरीजों की इलाज की सुविधा नहीं के बराबर थी। कई लोग समस्या से ग्रसित थे। वे दूसरे राज्यों में इलाज के लिये जाते थे। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राँची में कैंसर अस्पताल का उदघाटन हुआ है। अभी यह 25 एकड़ का कैंपस में है भविष्य में इसका और विस्तार किया जाएगा।




# धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग को मिली मान्यता

## चर्चा में क्यों ?

15 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग को मान्यता मिल गई है, जिससे अब यहाँ भी संयुक्त प्रवेश परीक्षा के जरिये छात्रों का नामांकन होगा।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि नर्सिंग कोर्स में नामांकन कराने वाले छात्रों एवं नर्सिंग स्कूल प्रबंधन को इंडियन नर्सिंग कॉउंसिल, नयी दिल्ली की मान्यता की अनिवार्यता समाप्त होने के संबंध में झारखंड सरकार ने 28 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है।
- इस संबंध में झारखंड सरकार ने संज्ञान लेते हुए झारखंड राज्य में नर्सिंग स्कूल के संचालन के लिये नियमावली जारी की है, जिसे झारखंड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन व परीक्षा संचालन नियमावली का नाम दिया गया है।
- विदित है कि हाल ही में धनबाद स्कूल ऑफ नर्सिंग के छात्रों ने इंडियन नर्सिंग कॉउंसिल, नयी दिल्ली की मान्यता की अनिवार्यता की अस्पष्टता के कारण सड़क लेन को जाम किया था। झारखंड सरकार की अधिसूचना के बाद अब इस बारे में संशय की स्थिति समाप्त हो गई है।
- राज्य के धनबाद की ही बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी ने भी नर्सिंग स्कूल के छात्रों की परीक्षा को लेकर आदेश जारी कर दिया है।
- इस अधिसूचना के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इंडियन नर्सिंग कॉउंसिल नई दिल्ली ने अपने पत्रांक दिनांक 9.2.2020 द्वारा सभी नर्सिंग संस्थानों को मान्यता देने के लिये संबंधित राज्यों के परिचारिका परिषद/राज्य सरकार को प्राधिकृत किया गया है।
- सर्वोच्च न्यायलय ने यह निर्णय किया कि नर्सिंग संस्थानों को स्थापित करने व संचालन की मान्यता देने का काम राज्यों की परिचारिका परिषद एवं राज्य सरकार की होगी।
- सर्वोच्च न्यायलय ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि एक बार डिग्री या डिप्लोमा मिलने के बाद कोई भी नर्स भारत के किसी भी कोने में जाकर सरकारी या गैर-सरकारी नौकरी कर सकेंगे।
- इसके अंतर्गत अब कोई भी छात्र जो नर्सिंग संस्थानों में प्रवेश चाहेंगे, उन्हें राज्य सरकार द्वारा नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया से गुजज़ना होगा।

नोट :

## नेतरहाट व पतरातू में योग एवं आयुष केंद्र खोलने के प्रस्ताव को स्वीकृति

### चर्चा में क्यों?

15 मई, 2023 को झारखंड आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक कार्ययोजना की स्वीकृति को लेकर हुई बैठक में राज्य के नेतरहाट एवं पतरातू में योग एवं आयुष केंद्र खोलने के प्रस्ताव स्वीकृति दी गई।

### प्रमुख बिंदु

- इस बैठक में नेतरहाट एवं पतरातू में योग एवं आयुष केंद्र खोलने के प्रस्ताव के साथ ही झारखंड आयुष को लेकर कुल 59.36 करोड़ की राशि की कुल चार नई योजनाओं सहित अठारह योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई।
- विदित है कि पिछले वर्ष भी भारत सरकार के द्वारा 50 शय्यायुक्त आयुष धन्वंतरि अस्पताल राँची एवं पूर्वी सिंहभूम के 5 तथा 10 शय्यायुक्त आयुष धन्वंतरि अस्पताल गुमला, पलामू, देवघर, दुमका एवं बोकारो ज़िले में स्वीकृत किये गए थे।
- आयुष मंत्रालय का लक्ष्य राज्य के ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक आयुष चिकित्सा पहुँचाने के लिये कुल 745 आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर खोलना है। अब तक 550 आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर खोले जा चुके हैं। शेष आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर सितंबर 2023 तक खोले जाएंगे।
- अब तक भारत सरकार द्वारा झारखंड को कुल 85.38 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। इसमें 4.77 करोड़ की राशि की उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।




## 'मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना'

### चर्चा में क्यों?

16 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड में दूर-दराज के दुर्गम ग्रामीण इलाकों में लोगों को सुलभ परिवहन मुहैया कराने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना' की शुरुआत होने जा रही है।

### प्रमुख बिंदु

- इस योजना के तहत वैसे इलाकों में सरकार वाहन चलाएगी जहाँ लोगों को प्रखंड या ज़िला मुख्यालय जाना हो तो गाड़ी पकड़ने के लिये कम से कम 25 किमी. की दूरी पैदल ही तय करनी पड़ती है।

- विदित है कि प्रदेश में दूर-दराज के इलाकों से ग्रामीण प्रखंड या ज़िला मुख्यालय पहुँचने के लिये अपने घर से तड़के ही निकल पड़ते हैं। 20-25 किमी. का सफर पैदल तय करने के बाद मुख्य सड़क तक पहुँचते हैं और तब उन्हें वाहन मिलता है।
- प्रखंड या ज़िला मुख्यालय में काम निपटाकर घर वापस लौटने में अक्सर देर रात हो जाती है। ऐसे में उनका समय और खर्च बचाने के लिये राज्य सरकार 'मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना'शुरू करने पर विचार कर रही है। इसके लिये सभी ज़िलों में वाहन मालिकों से बातचीत जारी है।
- सभी ज़िला परिवहन पदाधिकारियों ने वाहन मालिकों के साथ पहले दौर की बैठक कर ली है। वाहन मालिकों को 'मुख्यमंत्री ग्रामीण गाड़ी योजना'से अवगत कराया है। वहीं, वाहन मालिकों ने भी विभाग को अपनी चिंता और समस्याओं से अवगत कराया है।
- विभाग ने आश्वासन दिया है कि जिन रूट्स पर वाहन चलाना है उसका विशेष परमिट दिया जाएगा और वाहन मालिकों का हित भी देखा जाएगा।
- गौरतलब है कि पिछले दिनों कैबिनेट की मीटिंग में राज्य सरकार ने राज्य के सुदूर ग्रामीण इलाकों में वाहन चलाने का प्रस्ताव पास किया था। परिवहन मंत्रालय ने ज़िला डीटीओ के साथ मिलकर उन इलाकों की पहचान भी कर ली है जहाँ वाहन चलाया जाना है।
- ज्ञातव्य है कि झारखंड में अधिकांश इलाका वनक्षेत्र है। सुदूर पहाड़ी गाँव हैं। वहाँ तक पहुँचना काफी दुर्गम है। लोगों को वाहन पकड़ने के लिये कई किमी. चलना पड़ता है। खासतौर पर महिलाओं के लिये यह सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी काफी खतरनाक है।



## वाराणसी-राँची-कोलकाता ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट: झारखंड में 6 चरणों में बनेगी सिक्स लेन सड़क

### चर्चा में क्यों ?

17 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार वाराणसी से राँची होते हुए कोलकाता तक छह लेन की ग्रीन फील्ड परियोजना पर काम शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिये झारखंड के छह चरणों का टेंडर फाइनल हो गया है।

### प्रमुख बिंदु

- इसके लिये अलग-अलग एजेंसियों को काम दिया गया है। झारखंड में करीब 200 किमी. लंबी सड़क बनेगी, जो राज्य के चतरा ज़िले से शुरू होकर हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो होते हुए पश्चिम बंगाल में पुरुलिया-बाँकुड़ा में प्रवेश करेगी।
- पूरी सड़क पर 12 हज़ार करोड़ रुपए से अधिक की लागत आने का अनुमान है। यहाँ पैकेज 8 से लेकर पैकेज 13 तक कुल 6 पैकेज हैं।

- इसका रूट वाराणसी से राँची होते हुए कोलकाता तक 620 किमी. का सिक्स लेन रोड जी.टी. रोड 2 के समानांतर बनेगा। इसका निर्माण वाराणसी के पास चंदौली से शुरू होगा।
- किस पार्ट का किसको मिला काम:
  - पैकेज 8 में चतरा के पास सोनेपुरबिगहा से एनएच-22 और चतरा बाईपास (37 किमी.) का काम में ट्रैकस एंड टावर प्रा. लि., रेल विकास निगम लिमिटेड (टीटीआईपीएल-आरवीएनएल) को 1728 करोड़ रुपए में दिया गया। इसकी सिविल लागत 1272 करोड़ रुपए है।
  - पैकेज 9 के तहत चतरा ज़िले के एनएच-100 में देवरिया से 31 किमी. का काम रामकृपाल कंस्ट्रक्शन को 2400 करोड़ रुपए में दिया गया। इसमें 962 करोड़ रुपए सिविल लागत और 1412 करोड़ रुपए ज़मीन आदि पर खर्च होना है।
  - पैकेज 10 के तहत दोनोरेशान गाँव तक करीब 35 किमी. तक का काम 1546 करोड़ रुपए में होगा। इसका काम मेसर्स एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग को दिया गया है।
  - पैकेज 11 में दोनोरेशान गाँव से एनएच-20 के जंक्शन से आगे तक का 37 किमी. तक का काम सीईआईजीएएलएल इंडिया लिमिटेड को दिया गया। इसकी लागत 1855 करोड़ रुपए की होगी। सिविल कॉस्ट 1656 करोड़ रुपए होगा।
  - पैकेज 12 में एनएच-20 के बोगांबार से एनएच-30 के लेपो गाँव तक 33 किमी. की सड़क सीईआईजीएएलएल इंडिया 3048 करोड़ रुपए में बनवाएगा।
  - पैकेज 13 के तहत एनएच-320 लेपो गाँव से कमलापुर गाँव झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमा तक 28 किमी. का काम एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग लि. को दिया गया। इसकी लागत 2255 करोड़ रुपए होगी।



## फेडरेशन कप एथलेटिक्स में झारखंड की सपना ने जीता काँस्य पदक

### चर्चा में क्यों?

17 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के राँची के मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम में चल रही फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राज्य की सपना कुमारी ने 100 मीटर हर्डल्स में काँस्य पदक जीता है।

### प्रमुख बिंदु

- सपना ने 100 मीटर हर्डल्स 13.58 सेकंड में पार करते हुए यह पदक जीता। इस स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक आंध्र प्रदेश की ज्योति (12.89 सेकेंड) और रजत पदक तमिलनाडु की आर. नित्या (13.44 सेकेंड) ने जीता।

नोट :

- गौरतलब है कि एक दिन पहले 400 मीटर दौड़ में फ्लोरेंस बारला ने झारखंड को काँस्य पदक दिलाया था।
- इस चैंपियनशिप में कॉमनवेल्थ गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी रूपा रानी तिर्की ने विजेता खिलाड़ियों को पदक प्रदान किये।




## राँची में खेलो इंडिया के तहत बनेगा 3 खेलों का एक्सीलेंस सेंटर

### चर्चा में क्यों ?

18 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार की पहल पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की ओर से झारखंड के राँची में तीन खेलों का एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इसी सत्र से शुरू करने की तैयारी है।

### प्रमुख बिंदु

- मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पेल्क्स होटवार में यह सेंटर खोला जाएगा। इस सेंटर में तीन खेलों के विशेषज्ञ खिलाड़ी तैयार किये जाएंगे। इनमें हॉकी, एथलेटिक्स और तीरंदाजी शामिल हैं। सेंटर खुलने से झारखंड के सीनियर खिलाड़ियों को अपने प्रदर्शन को और बेहतर करने का मंच मिलेगा।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय खेल मंत्रालय की ओर से साईं के मार्फत सभी राज्यों में एक-एक एक्सीलेंस सेंटर खोला जाना है। अधिकांश राज्यों में इसकी शुरुआत हो भी चुकी है। झारखंड सरकार से भी राँची में साई की ओर से सेंटर के लिये प्रस्ताव मांगा गया था। सरकार की ओर से इसके लिये कार्यान्वयन एजेंसी झारखंड खेल प्राधिकरण (साझा) को बनाया गया है। जल्द ही साझा और साई के बीच औपचारिक एमओयू होगा।
- विदित है कि साई के प्रस्ताव के आधार पर सेंटर खोलने का प्रस्ताव मेगा स्पोर्ट्स कॉम्पेल्क्स होटवार में दिया गया था। इसे तय मानते हुए कार्यान्वयन एजेंसी साझा की ओर से खिलाड़ियों के लिये आवासीय और प्रशिक्षण सुविधा के अनुरुप आवश्यकता की रिपोर्ट मांगी गई थी। साझा ने डिटेल रिपोर्ट साईं को भेजी है।
- इसके तहत 139 खिलाड़ियों के लिये संपूर्ण व्यवस्था के साथ सेंटर शुरू किया जाएगा। यह व्यवस्था खेलो इंडिया के नॉर्म्स के आधार पर उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिये की जाएगी। खिलाड़ियों का चयन साझा और साई मिलकर करेंगे। खेलो इंडिया की गाइडलाइन के आधार पर आवश्यक नियुक्तियाँ साझा करेगा।

## गिरिडीह के सरिया व बिरनी को केंद्रीय मंत्री ने दी जलापूर्ति योजनाओं की सौगात

### चर्चा में क्यों?

20 मई, 2023 को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह ज़िले के सरिया व बिरनी प्रखंड में जलापूर्ति योजनाओं का शिलान्यास किया।

### प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह ज़िले के सरिया प्रखंड क्षेत्र की अमनारी पंचायत अंतर्गत करनीडीह में 54 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली दो जलापूर्ति योजना क्रमशः अमनारी व कैलाटांड जलापूर्ति योजना का शिलान्यास किया।
- इस योजना से अमनारी, परसिया व घुठियापेसरा पंचायत के एक दर्जन गाँव के 20 हज़ार 889 लोग लाभान्वित होंगे।
- कैलाटांड जलापूर्ति योजना से कैलाटांड, मोकामो, बंदखारी तथा कुसमाडीह के एक दर्जन गाँव की लगभग 20 हज़ार की आबादी लाभान्वित होगी।
- विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि 24 करोड़ से अमनारी व 30 करोड़ की लागत से कैलाटांड जलापूर्ति योजना पूरी होगी। इस योजना से क्षेत्र के हज़ारों लोग लाभान्वित होंगे एवं क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल मिलेगा।

## जमशेदपुर के दलमा में बनेगा ग्रासलैंड

### चर्चा में क्यों?

20 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर के दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी से सटे गाँवों में हाथियों और मानव के आपसी संघर्ष को कम करने व वन्यजीवों की हो रही कमी को दूर करने के लिये वन विभाग द्वारा वन क्षेत्र में ग्रासलैंड (घास का मैदान) विकसित किया जाएगा।

### प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार वन विभाग ने इसके लिये कार्य योजना बनाई है। वन क्षेत्र में ग्रासलैंड विकसित किया जाएगा, ताकि इसके माध्यम से जीव जंतुओं को बाहर निकलने से रोका जा सके।
- ग्रासलैंड के माध्यम से दलमा सेंचुरी क्षेत्र में शाकाहारी व माँसाहारी जीवों के लिये भोजन श्रृंखला सुदृढ़ करने की कवायद शुरू कर दी गई है।
- विदित है कि दलमा सेंचुरी क्षेत्र में लगातार हो रहे अतिक्रमण के चलते उसमें रहने वाले जानवरों को पर्याप्त भोजन वन क्षेत्र में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण हाथी और अन्य जानवर लगातार आबादी वाले क्षेत्र में घुस रहे हैं और बच्चों व मवेशियों को निशाना बना रहे हैं।
- लगातार बढ़ रहे मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर वन विभाग ने भी इसके प्रभावी नियंत्रण पर कार्य शुरू कर दिया है। करीब 194 वर्ग किलोमीटर में फैले दलमा सेंचुरी क्षेत्र में अब ग्रासलैंड विकसित कर सभी जानवरों के लिये पर्याप्त फूड चेन तैयार की जाएगी।
- दलमा सेंचुरी में अभी 10 हेक्टेयर में ग्रासलैंड विकसित किया जा रहा है। इनके विकसित होने से दलमा सेंचुरी में रहने वाले जंगली जानवरों की आबादी बढ़ेगी, शाकाहारी जानवरों के अलावा जीव जंतुओं का भी रखरखाव आसान हो सकेगा तथा भोजन के लिये पर्याप्त शिकार भी दलमा के अंदर ही उपलब्ध होगा।




## फार्मिंग सेक्टर में झारखंड को मिलेगी सौगात: 500 स्कूलों में बनेंगी मृदा जाँच लैब्स

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में भारत सरकार के कृषि एवं कल्याण सचिव मनोज आहूजा ने नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में बताया कि झारखंड में मृदा जाँच के लिये 500 हाई स्कूलों को चिह्नित किया जाएगा ताकि भारत सरकार द्वारा यहाँ मृदा जाँच प्रयोगशाला (सॉयल टेस्टिंग लैब) की व्यवस्था की जा सके।

### प्रमुख बिंदु

- राज्य के कृषि मंत्री बादल एवं कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीक ने बताया कि स्कूल के छात्रों को मृदा जाँच का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वह अपनी तथा दूसरे किसानों की ज़मीन की मृदा लाकर लैब में जाँच करेंगे।
- जाँच के बाद किसानों को बता सकेंगे कि जाँचे गए खेत की मृदा कैसी है और वहाँ कौन से अनाज उपजाए जा सकते हैं। यह एक अच्छा प्रयोग होगा, जिसका लाभ किसानों को मिलेगा।
- इसके अलावा भारत सरकार ने सीड ट्रेकिंग के लिये पोर्टल की व्यवस्था की है, इसे झारखंड में भी जल्द लागू किया जाए, जिससे बाज़ार में सही बीज का वितरण किया जा सके।



## राष्ट्रपति मुर्मू ने झारखंड हाईकोर्ट के नए भवन का किया उद्घाटन

### चर्चा में क्यों?

24 मई, 2023 को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राँची के धुरवा में करीब 550 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन का उद्घाटन किया।

### प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा तथा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित थे।
- 165 एकड़ में फैला इसका परिसर क्षेत्रफल की दृष्टि से देश के सभी हाईकोर्ट के परिसरों से बड़ा है। इसका परिसर सुप्रीम कोर्ट के परिसर (22 एकड़) से भी कई गुना बड़ा है।
- नए उच्च न्यायालय भवन में 25 वातानुकूलित अदालत कक्ष और 1,200 लोगों के बैठने की क्षमता वाले दो हॉल तथा 540 कक्ष हैं। नए परिसर में 30 हज़ार वर्गफीट में लाइब्रेरी बनाई गई है, जिसमें करीब पाँच लाख से अधिक कानूनी पुस्तकें रखी जा सकती हैं।




## झारखंड सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के बदले नाम

### चर्चा में क्यों?

25 मई, 2023 को झारखंड में खुले 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के नाम बदलकर स्कूलों के नाम के आगे 'सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस' जोड़ा जाएगा। इस संबंध में राज्य स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने आदेश भी जारी कर दिये है।

### प्रमुख बिंदु

- विभाग की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के नाम में एकरूपता लाने के लिये यह फैसला किया गया है। इसके लिये स्कूलों के नाम में बदलाव किया गया है।
- झारखंड के शिक्षा सचिव ने सभी ज़िलों को भेजे गए पत्र में कहा है कि आदर्श विद्यालय योजना के तहत विभिन्न ज़िलों में 80 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है। ये विद्यालय वर्तमान में अलग-अलग नाम से जाने जाते हैं, इस कारण इनकी पहचान स्कूल ऑफ एक्सलेंस के रूप में नहीं बन पा रही है, जिससे इन विद्यालयों के स्वरूप को समझने में भी परेशानी हो रही है। इसलिये इन विद्यालयों को 'सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस' के रूप में नामित करने का निर्णय लिया गया है।

- राज्य के सभी ज़िलों को विद्यालयों के परिवर्तित नाम भी भेज दिये गए हैं। राज्य परियोजना निदेशक को विद्यालयों के बदले हुए नाम के साथ उसका 'यू डायस कोड' संबद्ध करने को कहा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।
- विदित है कि गरीब परिवार के बच्चों को बेहतरीन शिक्षा देने के उद्देश्य से झारखंड की सरकार ने उत्कृष्ट विद्यालय की शुरुआत की है।
- इन स्कूलों में बेहतरीन आधारभूत संरचनाओं का विकास किया गया है। स्कूल में कंप्यूटर लैब भी बनाए गए है, ताकि बच्चे डिजिटल युग में पीछे न रहें।
- गौरतलब है कि राज्य के दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने कहा था कि झारखंड के गरीब परिवार के बच्चे भी अंग्रेजी में पढ़ाई करेंगे। झारखंड के हर प्रखंड में ऐसा स्कूल बनाएंगे, जो अंग्रेजी माध्यम के प्राइवेट स्कूलों को टक्कर देंगे।

## जमशेदपुर की अस्मिता ने फतह किया माउंट एवरेस्ट

### चर्चा में क्यों ?

25 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार जमशेदपुर की निवासी और टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) की वरिष्ठ प्रशिक्षक व पर्वतारोही अस्मिता दोरजी ने माउंट एवरेस्ट पर फतह की है।

### प्रमुख बिंदु

- टाटा स्टील ने एक बयान जारी कर बताया कि 39 वर्षीय अस्मिता ने 23 मई की सुबह, दुनिया की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट फतह की है। वह 3 अप्रैल को अपनी यात्रा पर निकली थीं और खुंबु क्षेत्र के जरिये 8 दिनों की यात्रा के बाद 14 अप्रैल को एवरेस्ट बेस कैंप पहुँची थी।
- बयान में कहा गया है कि 18 मई को अस्मिता ने कठिन खुंबु आइसफॉल को पार करते हुए 19 मई को कैंप-2 तक की यात्रा पूरी की। उन्होंने 22 मई को रात 10 बजे अपनी अंतिम शिखर यात्रा शुरू की और 23 मई को सुबह आठ बजकर 20 मिनट (भारतीय समयानुसार) पर सफलतापूर्वक चोटी पर पहुँचीं।
- अस्मिता दोरजी के साथ उनके शेरपा गाइड लक्पा नुरू भी थे, जो नेपाल के एक बहुत ही अनुभवी शेरपा गाइड हैं।
- विदित है कि एक साल पहले 13 मई, 2022 को अस्मिता ने सप्लीमेंट्री ऑक्सीजन के बिना दुनिया के सबसे ऊँचे पर्वत पर चढ़ने का प्रयास किया था, जो अनुभवी पर्वतारोहियों के बीच भी एक दुर्लभ उपलब्धि थी। उन्होंने 30 सितंबर, 2022 को सप्लीमेंट्री ऑक्सीजन के बिना माउंट मानसलू (8163 मीटर) पर चढ़ाई की और ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय महिला बनीं।



# 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 के लिये झारखंड के 30 खिलाड़ियों का चयन

## चर्चा में क्यों ?

27 मई, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप के लिये झारखंड के 30 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

### प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि 13वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 21 जून तक ओडिशा के राउरकेला में किया जाएगा।
- इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये झारखंड पुरुष टीम के गठन के लिये एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम बरियातू गर्ल्स हाई स्कूल में चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इस चयन ट्रायल में झारखंड के कई ज़िलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनका कई टीम बनाकर आपस में मैच कराया गया और उनमें से बेहतर 30 खिलाड़ियों को चयनित किया गया।
- विदित है कि अब चयनित इन 30 खिलाड़ियों के लिये विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जाएंगे। इसके बाद उनमें से बेहतर 18 खिलाड़ियों को चुना जाएगा, जो झारखंड टीम का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में करेंगे।

